**HIN1FA 102(1):Enhancement in Communication and Creative Writing in Hindi Language -Part 1**
**Section-A-Mark-2**

1. महात्मा गांधी ने किस भाषा को भारत की राजभाषा माना ?
2. भारतीय संविधान सभा कब लागू हुई थी?
3. भारतीय संविधान सभा में कितने सदस्य थे और इनके अध्यक्ष कौन थे?
4. भारतीय संविधान में कितने अनुच्छेद और अनुसूचियां हैं?
5. भारतीय संविधान सभा के प्रथम सभापति कौन थे और उनके मरने के बाद किसको सभापति निर्वाचित किया गया?
6. भारतीय संविधान लिखने वाली सभा में कितने सदस्य थे ?
7. भारत की राजभाषा कौन सी है?
8. भारत में कौन सी भाषा सबसे ज्यादा बोली जाती है ?
9. हिंदी किस लिपि में लिखी जाती है ?
10. हिंदी दिवस कब मनाया जाता है ?
11. संपर्क भाषा किसे कहते हैं?
12. 'पंच परमेश्वर' एकांकी के मुख्य पात्र कौन-कौन हैं ?
13. जुम्मन शेख और अलगू चौधरी के बीच किस घटना के कारण दरार हुई ?
14. यदि आप पंच होते, तो जुम्मन और खाला के मामले में क्या निर्णय लेते ?
15. जुम्मन की बूढ़ी खाला ने पंचायत बुलाने का फैसला क्यों लिया ?
16. यदि आप अलगू चौधरी की जगह होते, तो क्या आप भी खाला के पक्ष में फैसला सुनाते?
17. जुम्मन और अलगू की मित्रता में दरार आने के क्या कारण थे, और इसे कैसे कहानी में न्याय और धर्म से जोड़ा गया है ?
18. "परदेसी "कहानी में किसका वर्णन किया गया है?
19. "परदेसी " कहानी के अनुसार, तीन भाई-बहन कहाँ रहते हैं और कैसे एक-दूसरे के संपर्क में रहते हैं?

20. नीरद क्या विदेश नहीं जाना चाहता था?
21. रिचर्ड के आने पर घर की तैयारियों में कौन सबसे ज्यादा व्यस्त थी?
22. रिचर्ड ने किन- किन चीज़ों को भारतीय घर की खासियत के रूप में सराहा?
23. नीरद ने विदेश न जाने के लिए क्या- क्या तर्क उठाया था ?
24. पिताजी के दिल के वाल्व खराब होने की सूचना किसने दी थी?
25. पिताजी की बुरी आदत क्या थी ?
26. पिताजी का "धरती से नाता तोड़ लेते हैं" कहने का क्या तात्पर्य था?
27. आलमारी की चाबी पिता जी कहाँ रखते थे?
28. पिताजी की आलमारी की चाबी को बार-बार टटोलने का क्या कारण था?
29. पिताजी किस बात को लेकर चिंतित थे?
30. ‘स्कूल’कहानी में मास्टर ने औरत से क्या कहा?
31. ‘स्कूल’ कहानी की सार्थकता व्यक्त कीजिए ?
32. ‘स्कूल’ कहानी में औरत का बेटा घर से क्यों निकला था?
33. ‘स्कूल’ कहानी में औरत का बेटा कौन सा सामान लेकर घर से निकला था?
34. ‘स्कूल‘कहानी में स्टेशन मास्टर ने औरत को कैसे सांत्वना दी?
35. ‘स्कूल’ कहानी में औरत का बेटा पहली बार घर से बाहर क्यों निकला था?
36. प्रथम रश्मि’कविता के रचयिता कौन हैं?उनकी दो रचनाओं के नाम लिखिए ।
37. ‘प्रथम रश्मि’ कविता में जुगनू किसका प्रतीक है?
38. "तम ने था मंडप ताना" पंक्ति का क्या अर्थ है?
39. ’प्रथम रश्मि’ कविता का मुख्य भाव क्या है?
40. ‘प्रथम रश्मि’ कविता में किन-किन प्राकृतिक तत्वों का उल्लेख किया हैं?
41. कविता में "बाल-विहंगिनि" शब्द का कवि ने किसके लिए प्रयोग किया है?
42. कविता की ज़रूरत ‘ कविता में किन -किन प्राकृतिक तत्वों का उल्लेख किया गया है ?

43. "जहाँ आदमी और भगवान के बीच दूरी कम-से-कम हो" इस पंक्ति का क्या अर्थ है?

44. यदि कविता को जीवन में जगह न दी जाए, तो जीवन पर क्या प्रभाव पड़ सकता है?

45. ‘कविता की ज़रूरत ‘ कविता के लेखक नाम क्या है ? उनकी दो रचनाओं के नाम लिखिए ।

46. प्रकृति और कविता के बीच किस प्रकार का संबंध दिखाया गया है?

47. “बहुत कुछ दे सकती है “ इस पंक्ति का आशय क्या है ?

48. असंघोष की चार रचनाओं के नाम लिखिए ।

49. ‘मैं दूंगा माकूल जवाब ‘ कविता का संदेश क्या है?

50. कविता में किस तत्व का प्रयोग करके भावनाओं को व्यक्त किया गया है?

51. ”तुमने अपनी वर्जनाओं से काट ली थी मेरी जिह्वा” पंक्ति में किसकी ओर इशारा किया गया है?

52. .”मेरे होंठ ही सिल दिये थे"” पंक्ति का क्या अर्थ है?

53. ‘ मैं दूंगा माकूल जवाब’ कविता में “पिघला हुआ शीशा” किस स्थिति को दर्शाती है?

54. वाक्य किसे कहते हैं? उदादरण दीजिए ।

55. सरल वाक्य किसे कहते है?

56. संयुक्त वाक्य किसे कहते है ?

57. संयुक्त वाक्य के दो उदाहरण लिखिए ।

58. नीचे दिए वाक्यों में से सरल वाक्य चुनकर लिखें । (क) मीना अच्छा गाना गाती है। ( ख) राम आया और थक कर सो गया । ( ग ) मीता नए कपड़े लेकर आयी है ।

59. नीचे दिए वाक्यों में से संयुक्त वाक्य चुनकर लिखें । (क) वह सुबह गया और शाम को लौट आया । (ख) रोहन खेलने गया । ( ग ) राहुल विद्यालय जाता हैऔर मन लगाकर पढ़ता है।

60. संज्ञा किसे कहते है?दो उदाहरण लिखिए ।

61. व्यक्तिवाचक संज्ञा के चार उदाहरण लिखिए।

62. राम, लड़का, पुस्तक ,गंगा, और दिल्ली किस प्रकार की संज्ञा हैं?

63. संज्ञा कितने प्रकार के होते है? वे क्या - क्या है ?

64. ."नदी" और " सुन्दरता" शब्द किस संज्ञा में आते हैं?

65. क्रोध, लड़का, छात्र और रामायण शब्द किस संज्ञा में आते हैं ?

66. सर्वनाम किसे कहते हैं? उदाहरण लिखकर समझाइए ।

67. अनिश्चयवाचक सर्वनाम के चार उदाहरण लिखिए।

68. पुरुषवाचक सर्वनाम क्या है ?उदाहरण लिखिए ।

69. विशेषण किसे कहते है? उदाहरण लिखिए ।

70. निम्नलिखित वाक्यों में से विशेषण शब्द की पहचान कीजिए। (क ) कुछ लड़कियों ने फिल्म देखी । (ख) एक बड़े से मैदान में छोटी बच्ची बैठी है ।

71. संख्यावाचक विशेषण के चार उदाहरण लिखिए ।

72. कर्ता किसे कहते है ? एक उदाहरण लिखिए ।

73. कर्म किसे कहते हैं ? एक उदाहरण लिखिए ।

74. सीता ने दो समोसे खाये । इस वाक्य में कर्म क्या है ?

75. वे परीक्षा लिखते हैं । इस वाक्य में कर्ता कौन है ?

76. क्रिया किसे कहते है ? दो उदाहरण लिखिए ।

77. मोहन केला खाता है। । दिए गए वाक्य से कर्ता, कर्म और क्रिया चुनकर लिखिए ।

78. दिए गए वाक्यों का संशोधन कीजिए । (क) घोड़ा बहुत तेज दौड़ रही है। (ख) काला गाय बहुत सुन्दर लग रही है।

79. दिए गए वाक्यों का संशोधन कीजिए । (क)पाँच  कुत्ते  जा रहा है । (ख) आप आज दिल्ली जाएगा ।

80. दिए गए वाक्यों का संशोधन कीजिए । (क) मैं एक फूलों की माला ले आया हूँ। (ख)  वह दौड़ तेज रहा है।

81. दिए गए वाक्यों का संशोधन कीजिए । (क) केशव दूध लाए हैं। (ख) तुम धीरे - धीरे बहुत लिख रहे हो ।

82. दिए गए वाक्यों का संशोधन कीजिए । (क) यह विनोद का कुत्ता है। (ख) यह श्याम के पुस्तक है।

83. दिए गए वाक्यों का संशोधन कीजिए । (क) सुधा के माँ अस्पताल जा रही है। (ख) यह श्याम का गाय है।

84. अनुवाद क्या है ?

85. "तुम्हें बताया न, गाड़ी छह घंटे लेट है", यह संवाद किसने किससे कहा ? यह संवाद किस विषय के ऊपर कहा गया है?

86. "छह घंटे से पहले तो आ नहीं जाएगी कल से नाक में दम कर रखा है तुमने!"यह संवाद किस विषय के ऊपर कहा गया है?

87. "सुर्ती छोड़ दीजिए। फेफड़े खराब हो रहे हैं।"यह संवाद किसने किससे कहा ? यह संवाद किस विषय के ऊपर कहा गया है?

88. "इस देश में जितने अच्छे लोग हैं, उतने बुरे भी, कोई दुश्मन जैसा मिल गया, तब?"यह संवाद किसने किससे कहा ? यह संवाद किस विषय के ऊपर कहा गया है?

89. "चुप, मूरख कहीं का? बड़का डॉक्टर बन गए हो तुम !... छोट लड़िका काहें निमार होते हैं ?यह संवाद किसने किससे कहा ? यह संवाद किस विषय के ऊपर कहा गया है?

90. "क्या आपको मुझसे डर लगा? नहीं ना! फिर मैं आपसे कैसे डर सकता हूँ?यह संवाद किसने किससे कहा ? यह संवाद किस विषय के ऊपर कहा गया है?

91. संक्षेपण शब्द अंग्रेज़ी के किस शब्द का अनुवाद है?

92. संक्षेपण क्या है?

93. संक्षेपण के लिए किन शब्दों का प्रयोग किया जाता है?

94. "Precis" शब्द का हिंदी अनुवाद क्या है?

**Section-B-Mark-6**

1. राष्ट्रभाषा की विशेषाताएँ क्या-क्या हैं?

2. .राजभाषा क्या है ? उस की जरूरत क्यों है?

3. हिंदी को संपर्क भाषा के रूप में चुनने से क्या फायदे हैं ?

4. हिंदी कैसे भारत की राजभाषा बन गई ?

5. भारत में कौन- सी भाषा सबसे ज्यादा बोली जाती है? इसके कारण क्या-क्या है ?

6. .राजभाषा की जरूरत क्यों है? किन- किन क्षेत्रों में इसका प्रयोग हो रहा है ? राजभाषा के प्रचार एवं विस्तार के लिए आप क्या-क्या कर सकते हैं?

7. जुम्मन शेख ने अलगू चौधरी के मामले में पंच के रूप में न्यायसंगत निर्णय क्यों लिया?

8. ‘पंच परमेश्वर‘ एकांकी का मूल संदेश समझाइए ?

9. ‘पंच परमेश्वर‘ कहानी में पंच की भूमिका और न्याय की प्रक्रिया को आप कैसे समझते हैं? क्या मित्रता का न्याय पर प्रभाव पड़ा?

10. ‘पंच परमेश्वर‘ कहानी की बूढ़ी खाला का चरित्र- चित्रण कीजिए।

11. ‘पंच परमेश्वर‘ कहानी के अलगू चौधरी का चरित्र -चरित्रण कीजिए ।

12. ‘पंच परमेश्वर‘ कहानी में जुम्मन शेख और अलगू चौधरी की दोस्ती कैसी थी ?

13. परदेसी ' कहानी में रिचर्ड को अकेलेपन का एहसास क्यों हुआ?

14. ‘परदेसी ‘कहानी में किस सदस्य ने सबसे पहले विदेश जाने का निर्णय लिया? और क्यों ?

15. ‘परदेसी ‘कहानी का मुख्य विषय क्या-क्या हैं ?

16. नीरद और रिचर्ड के जीवन में क्या-क्या साम्य- वैषम्य हैं ?

17. रिचर्ड के चरित्र चित्रण पर टिप्पणी लिखें।

18. पिताजी के गाँव से जुड़े रहने के विचार को वर्तमान सामाजिक परिवेश में आप कैसे महत्व देंगे?

19. पिताजी ने बेटियों को पैसे देने का निर्णय क्यों लिया था ?

20. पिताजी एक प्रकृति प्रेमी थे - स्पष्ट कीजिए ।

21. पिताजी की बेटियों के प्रति व्यवहार में बदलाव का कारण क्या है?

22. ‘आखिरी पड़ाव के पहले‘ कहानी का उद्देश्य क्या हैं ?

23. ‘स्कूल’कहानी में औरत अपने बेटे के बारे में क्यों चिंतित थी?

24. स्टेशन मास्टर का व्यवहार “स्कूल”कहानी में किस तरह से बदलाव का संकेत देता है? अपने शब्दों में समझाइए ।

25. यदि आपका कोई प्रिय पहली बार घर से बाहर गया हो, तो आप उसकी वापसी पर क्या अनुभव करेंगे? अपने शब्दों में समर्थन कीजिए ।

26. ‘स्कूल’ कहानी के संदर्भ में मातृत्व के प्रति आपका दृष्टिकोण क्या है? स्पष्ट कीजिए।

27. ‘स्कूल‘ कहानी की औरत का चरित्र - चित्रण कीजिए

28. सप्रसंग व्याख्या कीजिए । शशि - किरणों से उतर - उतरकर, भू पर कामरूप नभ -चर चूम नवल कलियों का मृद - मुख, सिखा रहे थे मुसकाना ।

29. "स्नेह-हीन तारों के दीपक" पंक्ति का भाव समझाइए ।

30. "तरु-वासिनि" शब्द से कवि किसका चित्रण कर रहे हैं?सप्रसंग व्याख्या कीजिए ।

31. सप्रसंग व्याख्या कीजिए । प्रथम रश्मि का आना रंगिणि तूने कैसे पहचाना ? कहाँ , कहाँ हे बाल -विहंगनी पाया तूने वह गाना ?

32. सप्रसंग व्याख्या कीजिए । स्नेह- हीन तारों के दीपक , श्वास - शून्य थे तरु क पात, विचर रहे थे स्वप्न अवनि में तम ने था मंडप ताना ।

33. प्रकृति और कविता के बीच किस प्रकार का संबंध दिखाया गया है?

34. सप्रसंग व्याख्या कीजिए । “ कुछ दे सकती है कविता क्यों कि बहुत कुछ हो सकती है कविता जिन्दगी में अगर हम जगह दें उसे जैसे फलों को जगह देते हैं पेड़ जैसे तारों को जगह देती है रात”

35. कवि ने "कवितारहित प्रेम" की बात क्यों कही है? इससे आप क्या समझते हैं?

36. सप्रसंग व्याख्या कीजिए । “वैसे कोई चाहे तो जी सकता है एक नितान्त कवितारहित जिन्दगी कर सकता है कवितारहित प्रेम।”

37. ‘कविता की ज़रूरत ‘कविता को जीवन के किस पक्ष के साथ जोड़ सकते हैं?

38. ‘मैं दूंगा माकूल जवाब ‘ कविता का उद्देश्य क्या है?

39. ‘ मैं दूंगा माकूल जवाब ‘ कविता में किन - किन तत्वों के माध्यम से पीड़ा को दर्शाया गया है?

40. सप्रसंग व्याख्या कीजिए । “समय माँगता है मुझसे हिसाब पढ़े क्यों नहीं! नहीं है इसका जवाब मेरे पास तुमने अपनी वर्जनाओं से काट ली थी मेरी जिह्वा मेरे होंठ ही सिल दिये थे”

41. सप्रसंग व्याख्या कीजिए । "मेरे कानों में पिघला हुआ शीशा भी उड़ेल दिया था मेरी आँखों में गर्म सलाखें भी तुम्हारे ही कहने पर घुसेड़ी गई"

42. ' मैं दूंगा माकूल जवाब ' कविता में व्यक्त मानसिक स्थिति को आप कितना प्रभावशाली मानते हैं?

43. मिश्रित वाक्य किसे कहते है ? दो उदाहरण लिखकर समझाइए ।

44. साधारण और संयुक्त वाक्य में क्या अंतर है? उदाहरण लिखकर समझाइए ।

45. साधारण और मिश्रित वाक्य में क्या अंतर है? उदाहरण लिखकर समझाइए ।

46. नीचे दिए वाक्यों में से संयुक्त वाक्य चुनकर लिखें । ( क) नेहा आई और कोमल चली गई। ( ख)यदि परिश्रम करोगे तो, उत्तीर्ण हो जाओगे। ( ग) सर चंद्रशेखर वेंकटरमन को नोबेल पुरस्कार मिला। ( घ) नीता कहानी कहती है और गीत पिक्चर देखती है। (ङ) मोहन आज स्कूल नहीं गया क्योंकि आज छुट्टी थी । (च) बंदर पेड़ पर चढ़ गया और फल खाने लगा। नीचे दिए वाक्यों में से संयुक्त वाक्य चुनकर लिखें । ( क) नेहा आई और कोमल चली गई। ( ख)यदि परिश्रम करोगे तो, उत्तीर्ण हो जाओगे। ( ग) सर चंद्रशेखर वेंकटरमन को नोबेल पुरस्कार मिला। ( घ) नीता कहानी कहती है और गीत पिक्चर देखती है। (ङ) मोहन आज स्कूल नहीं गया क्योंकि आज छुट्टी थी । (च) बंदर पेड़ पर चढ़ गया और फल खाने लगा।

47. संयुक्त वाक्य और मिश्रित वाक्य में क्या अंतर है? उदाहरण लिखकर समझाइए ।

48. निम्नलिखित संज्ञा-शब्दों के भेद बताइए- राम, गोपाल, अरविन्द, मनुष्य, लड़का, पर्वत, हँसी, खुशी, अँधेरा, उजाला, हया, पानी, सोना, चाँदी।

49. व्यक्तिवाचक संज्ञा और जातिवाचक संज्ञा में क्या अंतर हैं ? उदादरण लिखकर समझाइए ।

50. व्यक्तिवाचक संज्ञा और भाववाचक संज्ञा में क्या अंतर हैं ? उदादरण लिखकर समझाइए ।

51. निम्नलिखित संज्ञा-शब्दों के भेद बताइए- केशव, भारत, फूल, मनुष्य, लड़की, पहाड़, क्रोध, शान्ति, मजदूर, स्त्री, सुमा, जल, लोहा, उदासी।

52. जातिवाचक संज्ञा और भाववाचक संज्ञा में क्या अंतर हैं ? उदादरण लिखकर समझाइए ।

53. सर्वनाम और विशेषण में क्या अंतर है? उदाहरण लिखकर समझाइए ।

54. दिए गए वाक्यों में से परिमाणवाचक विशेषण शब्द चुनकर लिखिए । (क) केशव को पाँच लीटर दूध चाहिए । (ख) दामू के पास चालीस टन गेहूँ है । ( ग ) मेरे पास अस्सी किलों सेब

[illegible]
मित्र हैं।

55. निम्नलिखित वाक्यों में से संख्यावाचक विशेषण शब्दों की पहचान कीजिए । (क) राधा के पास पन्द्रह किताब हैं । (ख)  गौरव के पास थोड़ी-सी भूमि बची हुई है।  (ग)  राजू के पास कुछ गायें हैं । (घ) राजू के पास पाँच अनार हैं। (ङ) केशव ने चार संतरे खरीदे। (च) मुझे पीने के लिए थोड़ा पानी चाहिए ।

56. निम्नलिखित वाक्यों में से गुण वाचक विशेषण शब्दों की पहचान कीजिए । (क) दिनकर कवि थे ।  (ख) लालची कौवा रोटी का टुकड़ा खो बैठा । (ग)  तुम्हारे पास एक काली गाय है । (घ) राम के हॉल में गोल मेज़ है । (ङ) मैदान में काले घोड़े दौड़ रहे हैं। ( च) बगीचे में सुंदर फूल खिले हैं।

57. परिमाणवाचक विशेषण और संख्यावाचक विशेषण में क्या अंतर हैं ? उदाहरण लिखकर समझाइए ।

58. दिए गए वाक्यों से क्रिया शब्द चुनकर लिखें। (क) स्टेशन मास्टर ने माँ को बुलाया । (ख) बच्चे के पिताजी मर गये। ( ग) पिताजी ने बड़ी बेटी को बुलाया । (घ) योगेन्द्र बैंक गया। (ङ) राधेश्याम ने पिताजी को प्यार से उत्तर दिया। (च) पिताजी गाँव जाते थे।

59. कर्ता और कर्म में क्या अंतर हैं ? उदाहरण लिखर समझाइए ।

60. कर्ता और क्रिया में क्या अंतर हैं ? उदाहरण लिखर समझाइए ।

61. दिए गए वाक्यों का संशोधन कीजिए । (क)मेरे मित्र की पत्नी विद्वान है।  (ख) मीरां एक प्रसिद्ध कवि थी। (ग) यह दस रुपया का नोट है।  (घ) उसके सिर में घने बाल है। (ङ) आज मैंने नया पोशाक पहना। ( च) कल मैंने नई स्कूटर खरीदा।

62. दिए गए वाक्यों का संशोधन कीजिए । (क) राजेश खाना खाया । (ख) मैंने राम को पूछा। (ग) नौकर का कमीज गंदी है।  (घ) मेरे को यह बात पसंद नहीं। (ङ) उसे भारी प्यास लगी है।  ( च) वह कुरता डालकर गया है।

63. दिए गए वाक्यों का संशोधन कीजिए । (क) रानी  खाना खाया । (ख) मैंने सुमा को पूछा। (ग) केशव का कमीज गंदी है।  (घ) मेरे को यह बात पसंद नहीं। (ङ) जानकी को भारी प्यास लगी है।  ( च) ज्योतिष कुरता डालकर गया है।

64. दिए गए वाक्यों का संशोधन कीजिए । (क) मेरे मित्र का पत्नी डॉक्टर है।  (ख) सुमित्रानंद पंत एक प्रसिद्ध कवि थी। (ग) यह दस रुपया का नोट है।  (घ) उसके सिर में टोकरी रखी है। (ङ) आज मैंने नया पोशाक पहना। ( च) कल मैंने नई गाड़ी खरीदा।

65. दिए गए वाक्यों का संशोधन कीजिए । (क) मोहन का पिता डॉक्टर है। (ख) कशन का जेब खाली है। (ग) सीता का माँ बीमार है । (घ) भैया लंच पर घर आए। (ङ) सिकंदर ने पचास हज़ार रुपया ले हैं । ( च) आप बेकार का चिंता करते हैं।

66. दिए गए वाक्यों का संशोधन कीजिए । (क) मोहन का माता डॉक्टर है। (ख) सुजान का जेब खाली है। (ग) उनका माँ बीमार है । (घ) भाभी लंच पर घर आए। (ङ) योगेश ने पचास हज़ार रुपया ले हैं । ( च) आप बेकार का चिंता करते हैं।

67. रोगी और वैद्य के बीच में संवाद लिखिए ।

68. दो दोस्तों के बीच असहाय व्यक्तियों की मदद को लेकर हो रही बातचीत को संवाद के रूप में लिखिए । पिता सौर पुत्र के बीच त्योहार के विषय पर संवाद तैयार कीजिए ।

**Section-C-Mark-10**

1. 'पंच परमेश्वर' कहानी का सारांश लिखिए कि ईमानदारी और न्याय के महत्त्व को किस प्रकार से दिखाया गया है?

2. 'पंच परमेश्वर' कहानी में ईमानदारी और न्याय के महत्त्व को किस प्रकार से दिखाया गया है? पाठ के सारांश के आधार पर समझाइए

3. 'परदेसी ' कहानी का सारांश लिखकर इस कहानी का उद्देश्य समझाइए ।

4. 'परदेसी' कहानी आज के समकालीन जीवन से क्या मेल खाता है ? अपने विचार व्यक्त कीजिए ।

5. 'आखिरी पड़ाव के पहले ' नामक कहानी का सारांश लिखिए ।

6. बेटे के पढ़े-लिखे होने और पिता जी के ग्रामीण अनुभव के बीच का द्वंद्व 'आखिरी पड़ाव के पहले' कहानी में कैसे चित्रित किया गया है?

7. क्या 'स्कूल' कहानी पारिवारिक संबंधों के बदलते स्वरूप को दिखाती है? अपने शब्दों में स्पष्ट कीजिए।

8. 'स्कूल' कहानी का सारांश लिखकर उसका उद्देश्य व्यक्त कीजिए ।

9. 'प्रथम रश्मि'कविता का सारांश लिखिए ।

10. प्रथम रश्मि'कविता की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए कविता का उद्देश्य समझाइए ।

11. 'कविता की ज़रूरत' कविता का सारांश लिखिए ।

12. ‘कविता की ज़रूरत‘ कविता का उद्देश्य स्पष्ट कीजिए ।
13. ‘मैं दूंगा माकूल जवाब ‘ कविता का सारांश लिखकर इस कविता का भावपक्ष समझाइए ।
14. ‘मैं दूंगा माकूल जवाब ‘कविता का भाव समझाकर इसमें चित्रित दलित चेतना पर प्रकाश डालिए ।
15. रचना के आधार पर वाक्य के कितने भेद हैं ? उदाहरण लिखकर समझाइए ।
16. संज्ञा किसे कहते हैं ? उसके भेद कितने हैं ? उदाहरण लिखकर समझाइए
17. संज्ञा के भेदों को उदाहरण लिखकर समझाइए ।
18. विशेषण किसे कहते हैं ?उसके भेद कितने हैं ?उदाहरण लिखकर समझाइए ।
19. सर्वनाम किसे कहते हैं ?उसके भेद कितने हैं ?उदाहरण लिखकर समझाइए ।
20. कर्ता ,कर्म, क्रिया की परिभाषा देते हुए सोदाहरण समझाइए ।
21. सब्जीवाले और ग्राहक के बीच में संवाद लिखिए ।
22. दो दोस्तों के बीच जीवन लक्ष्य को लेकर संवाद लेखन कीजिए ।
23. दो मित्रों के बीच वार्षिकोत्सव को लेकर संवाद तैयार कीजिए।
24. पुस्तक माँगने को लेकर एक छात्र और छात्रा के बीच हुए संवाद को लिखिए ।
25. दो दोस्तों के बीच असहाय व्यक्तियों की मदद को लेकर हो रही बातचीत को संवाद के रूप में लिखिए ।
26. हिन्दी दिवस पर हिंदी अध्यापक और आपके बीच होने वाले बातचीत को संवाद के रूप में लिखिए ।
27. प्रदूषण की समस्या पर दो मित्रों के बीच होने वाले बातचीत को संवाद के रूप में लिखिए ।
28. मोबाइल फोन के दुष्परिणामों को आधार बनाकर दो मित्रों के बीच होने वाले बातचीत को संवाद के रूप में लिखिए ।
29. भारत के क्रिकेट टीम के अच्छे प्रदर्शन को लेकर दो छात्रों के बीच की बातचीत को संवाद में लिखिए ।
30. महंगाई को लेकर दो मित्रों के बीच होने वाले बातचीत का संवाद तैयार कीजिए ।

31. गद्यांश का संक्षेपण कीजिए (एक-तिहाई शब्द) और उचित शीर्षक बताइए। साहित्य का आधार जीवन है। इसी नींव पर साहित्य की दीवार खड़ी है। उस पर अटारियाँ, मीनार, गुम्बद बनते हैं। लेकिन बुनियादें मिट्टी के नीचे दबी पड़ी रहती हैं जिन्हें देखने को भी जी नहीं चाहता। जीवन परमात्मा की सृष्टि है, इसलिए अनन्त और अगम्य है। साहित्य मनुष्य की सृष्टि है, इसलिए सुगम, सुबोध, और मर्यादाओं से सीमित है। जीवन परमात्मा को अपने कार्यों का जवाबदेह है या नहीं! मुझे नहीं मालूम लेकिन, साहित्य तो मानव के समक्ष जवाबदेह है। इसके लिए नियम है, जिससे वह इधर-उधर नहीं हो सकता। जीवन का उद्देश्य ही आनन्द है। मनुष्य जीवन-पर्यन्त आनन्द की खोज में रहता है, किसी को वह रत्न, द्रव्य में प्राप्त होता है, किसी को अपने भरे-पूरे परिवार में, किसी को ऐश्वर्य में लेकिन साहित्य का आनन्द इस आनन्द से ऊँचा है, उसका आधार सुन्दर और सत्य है। वास्तव में सच्चा आनन्द सुन्दर और सत्य से प्राप्त होता है। उसी आनन्द को दर्शाना तथा उत्पन्न करना साहित्य का उद्देश्य है। ऐश्वर्य या भोग के आनन्द में ग्लानि छिपी होती है, पश्चात्ताप भी होता है। पर सुन्दर से जो आनन्द प्राप्त है व अखंड है-अमर है।